# भगवान परशुराम की संतानें, उनके ज्ञान व शिक्षा से जग को रोशन करें : बिरला

**कोटा,** (निसं)। अखिल ब्राह्मण महासभा कोटा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का श्शपथ ग्रहण व लोकसभा अध्यक्ष सम्मान समारोह रविवार को गायत्री मंदिर मार्ग, अखिल ब्राह्मण महासभा भवन में आयोजित किया।

अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संदीप शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व कोटा न्यास अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, पूर्व महापौर सुमन श्रृंगी, पार्षद कपिल शर्मा रहे। संभागीय अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में दीप प्रज्वलन व अतिथि स्वागत दोपहर 12.30 बजे किया जाएगा। इसके उपरान्त 01 बजे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 31-31 सदस्य महिला व पुरुष कार्यकारिणी को सेवा व पद की शपथ ग्रहण करवाया। कार्यक्रम में सरंक्षक एम.एम.शर्मा, गोपाल शर्मा, अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम, महामंत्री नंदकिशोर, संभागीय महिला अध्यक्ष कल्पना शर्मा अतिथियों के संग मंचासीन रहे। मंच संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष पुन बनने पर ओम बिरला का समिति ने लोगों ने बिरला जिंदाबाद के स्वर लहरियों के बीच 11 किलों माला का हार पहनाकर सम्मान किया और स्मति चिंह भेंट किया।




कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अखिल ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

**■ अखिल ब्राह्मण महासभा की जम्बो जेट कार्यकारिणी को लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने शपथ दिलाई**

संस्कारों की नीव, ज्ञान का प्रचार- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने उद्बोधन ने भगवान परशुराम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आह्वान करते हुए कहा कि ब्राह्मण समुदाय भगवान परशुराम के वंशज है उनके विचार, शिक्षा, ज्ञान व मार्ग केवल ब्राह्मण नहीं सभी मंगलकारी, हितकारी है, समाज उन्हें जनकृजन तक पहुंचाएं। बिरला ने इस अवसर पर युवा पीढ़ी में अध्यात्म, संस्कार व भक्ति की सीख देने की जिम्मेदारी बताते हुऐं कहा कि अग्रज लोग समाज का दर्पण बनकर संस्कारों की नीव डालें। उन्होंने वंचित व पिछड़ों तक मदद की बात मंच से कही। बिरला ने कहा कि उन्हें विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है इस पद से वह अधिकतम लोगों की मदद व सहायता के लिए प्रयासरत रहेंगे।

**देश में कोटा का नाम गौरवान्वित:-** विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि राजस्थान से दो बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर कोटा शहर देश के मैप पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। कोटा के लिए यह गौरव के क्षण है। संभागीय अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ने अपने उद्बोधन में लोकसभा अध्यक्ष पुनरू बनने पर सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की और समस्त कार्यकारिणी सहित 11 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि सुमन श्रृंगी ने कहा कि इस संस्था को 40 वर्षों से कोटा शहर में सेवा करते हुए देख रही हूं। संरक्षक एम एम शर्मा ने अपने उद्बोधन में संस्था को आगे बढाने की बात कही। अंत में आभार वरिष्ठ उपा.संजय शर्मा ने प्रकट किया।

**इन्होंने शपथ ली:-**गोपाल शर्मा एवं एमएम शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर लहरी शंकर गौतम, महामंत्री नंदकिशोर शर्मा, संभागीय महिला अध्यक्ष कल्पना शर्मा, महिला महामंत्री अम्बिका शर्मा, मंत्री माया शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शर्मा, उपाध्यक्ष प्रमोद पालीवाल, कोषाध्यक्ष नेरश पालीवाल, रघुनन्दन शर्मा सहित समस्त महिला व पुरुष की 31 सदस्य कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर डॉक्टर रघुनंदन शर्मा , राजीव पाण्डेय, निमेष पुरोहित, राजेन्द्र मोहन गौतम, विजय भारद्वाज, सूरजलता शर्मा, ज्योति पाण्डेय, सावित्री गौतम, आशा दाधीच, संजय भार्गव, रमेश दाधीच, योगेश दीक्षित, कन्हैया शर्मा, आरके शर्मा, अजय शर्मा, राघवेंद्र शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, देवेश शर्मा, सी पी दाधीच सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# एलन कोटा में नि:शुल्क कोचिंग के लिए शिक्षा संबल प्रवेश परीक्षा संपन्न



कोटा में एलन कोचिंग ने नि:शुल्क कोचिंग के लिए शिक्षा संबल प्रवेश परीक्षा अयोजित की।

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में निर्धन व प्रतिभावान विद्यार्थियों के सपने पूरे करने के लिए गठित एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से प्रारंभ शिक्षा संबल योजना में विद्यार्थियों के चयन के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को आयोजित की गई।

**■ उत्तर भारत के 7 राज्यों के 65 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा हुई**

उत्तर भारत के सरकारी विद्यालयों व विद्या भारती संस्थान के हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए देश के उत्तर भारत के 7 राज्यों 65 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा में बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर काफी उत्साह नजर आया। प्रश्नपत्र का प्रारूप बहुविकल्पी प्रश्न का था। दोपहर 1 से 3 बजे तक हुई परीक्षा के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

प्रवेश परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को एलन कोटा कैम्पस में निशुल्क कोचिंग, आवास एवं भोजन की व्यवस्था दी जाएगी। इस संबंध में न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि कई छोटे गांव कस्बों के विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में आगे नहीं आ पाते हैं। ऐसे सरकारी विद्यालयों के हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को आगे लाने के उद्देश्य से ही शिक्षा संबल योजना शुरू की गई है, पहले वर्ष में 12वीं पास 126 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। 81 छात्राएं एवं 45 छात्रों का चयन किया जाएगा।

चयन के लिए उन्हीं परिवारों के विद्यार्थी पात्र होंगे जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख से कम है। इसके लिए न्यास ने एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के साथ एमओयू किया गया है, जिसके तहत इन्हें एलन कोटा कैम्पस में नि:शुल्क नीट-2025 की तैयारी के लिए कोचिंग करवाई जाएगी। यह चयन एक वर्ष के लिए होगा।

# सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ कोटा की कार्यकारिणी गठित




कोटा सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ कोटा की कार्यकारिणी के गठन के दौरान पौधारोपण किया।

**कोटा,** (निसं)। सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ, महानगर कोटा (राजस्थान) के तत्वाधान में समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्री महंत गोपाल दास हनुमान मंदिर प्रांगण में महानगर अध्यक्ष वंदना वशिष्ठ द्वारा कार्यकारिणी का गठन तथा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीरज शर्मा, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष राजेंद्र गौतम, डॉक्टर अनिल शर्मा, राधावल्लभ शर्मा, युवा अध्यक्ष ईश्वर शर्मा, तथा संतोष शर्मा उपस्थित रहे। महिला पदाधिकारी प्रमिला शर्मा, नीता, विमल, इंदिरा, सावित्री, बीना तथा किरण ने शपथ ली। इस अवसर पर 101 मातृ शक्तियों को नवीन सदस्यता की शपथ दिलाई गई तथा पौधा रोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ संरक्षिका अंजना दीक्षित द्वारा किया गया।

# 'संविधान खतरे में है जैसी बातें, सिर्फ सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये करते हैं'

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एक दिवसीय कोटा प्रवास पर आये हुए कोटा सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में भाजपा कोटा शहर द्वारा उनको माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया एवं शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा की बाबा साहब डॉ.अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान की जडे बहुत मजबूत है। जो भी संविधान खतरे में हैं ऐसी बाते करते है वो सिर्फ सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये करते है। यह सिर्फ मौखिक जमा खर्च जैसी बाते है। विधानसभा में विधायकों द्वारा उठाये गये प्रश्नों के जवाब समय पर मिले इस विषय पर वासुदेव देवनानी ने कहा की पिछले कार्यकाल में पांच हजार प्रश्न पेंडिंग पडे थें, कारण समय पर जवाब नहीं मिलना। मैने ब्यूरोक्रेट्स के साथ बैठक करके यह निर्देश दिये है कि विधानसभा में विधायकगण आमजन से जुड़े विषयों को लेकर जो भी प्रश्न उठाते है उनको जल्द से जल्द जवाब मिले, ताकि आमजन से जुड़ी समस्याओं का समाधान समय पर हो सके। इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे है।



कोटा में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का अभिनंदन किया गया।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का लंबा राजनैतिक जीवन अनुभव रहा हैं। इस अनुभव का लाभ आज सभी को मिल रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजय, जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल, कोटा देहात जिला महामंत्री ललित शर्मा, कोटा शहर जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, देवेन्द्र राही, लक्ष्मण सिंह खींची, जिला मंत्री जयदेव सुखेजा, कोषाध्यक्ष मुकेश हरचंदानी, लोकसभा संयोजक संदीप कपूर, कोटा संभाग प्रभारी अरविंद सिसोदिया, ओबीसीमोर्चा जिलाध्यक्ष अवधेश अजमेरा, अमित उराडिया, एस सी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाल टटवाडिया, चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ अमित व्यास, मण्डल अध्यक्ष रमेश शर्मा, अनिल शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रदीप राठौड़, रोहित चंदेल, पार्षद राकेश पुटरा, रजत जैन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रेम सिंह गौड़, कुलदीप सिंह तलवार, गोपाल कृष्ण सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया।

# रथ पर सवार ठाकुर जी को निहारते रहे भक्त

**कोटा,** (निसं)। शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर पाटनपोल पर रविवार को रथयात्रा मनोरथ हुआ। महोत्सव के दौरान मथुराधीश प्रभु रथ पर सवार होकर निज तिबारी में भक्तों को दर्शन देने पधारे तो भक्तों ने जयकारों से आसमान गूंजा दिया।

इस दौरान रथ को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। रथ पर पिछवाई और चंदरवा लगे थे। प्रभु का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। मनोरथ के दौरान सुमधुर संगीत के साथ कीर्तन के पद गूंज रहे थे। इस अवसर पर प्रथ में बैठे प्रभु अधिक

**■ मथुराधीश मंदिर पर रथ यात्रा मनोरथ हुआ, ग्रीष्मकालीन सेवा प्रणाली बदली**

विराजत, जगत करत सब सेवा.. नर नारी आनंद भई अति प्रमुदित मंगल गाए.. रत्न जतिरथ नीको लागत चंचल आव लगाए..ष् सरीखे विभिन्न पदों से प्रभु का गुणगान किया जा रहा था।

बदली सेवा प्रणाली, शीत सामग्री में हुई कमी-गोस्वामी मिलन कुमार बावा ने बताया कि रथ यात्रा के बाद से प्रभु की ग्रीष्मकालीन सेवा प्रणाली में भी बदलाव कर दिया गया है। रथ यात्रा महोत्सव के बाद प्रभु के सामने जल का छिड़काव, फव्वारा, खस, कुंजा और चंदन के परदे हटा दिए जाते हैं।

सिंहासन के सामने जल का प्रयोग भी बंद कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रभु के राजभोग में दही भात, पना समेत अन्य शीतल सामग्री बन्द हो जाएगी। प्रभु को भोग में आम, जामुन, अंकुरी, आमरस और आम व खोपरा से बनी अन्य सामग्री अर्पित की जाएगी।

# मुकेश जैन युवा अध्यक्ष, गौरव गर्ग महामंत्री एवं आशीष गोयल वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

**कोटा,** (निसं)। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल संगठन जिला कोटा का शपथग्रहण समारोह रविवार को बसंत विहार स्थित लायंस क्लब पर आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रोहित जैन ने शपथ से पूर्व नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा की।

इस दौरान मुख्य अतिथि बालकिशन महाराज ककोड़ वालों ने सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। मंच पर रामबिलास जैन प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ.आरके राजवंशी संभागीय अध्यक्ष, प्रदेश युवा महामंत्री सुमित मारवाड़ा भी मौजूद रहे। नवनियुक्त युवा अध्यक्ष मुकेश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष गोयल, युवा महामंत्री गौरव गर्ग की कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश मित्तल ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राजेंद्र अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सत्यनारायण अग्रवाल को उपाध्यक्ष व क्षेत्रफल की दृष्टि से महेश चंद अग्रवाल को महामंत्री बनाया। जिला अध्यक्ष राजेश मित्तल ने कहा कि पूरे देश से संसद में काफी संख्या में अग्रबंधु चुनकर आते रहे हैं। अब अन्य जातियों की अपेक्षा राजनीति क्षेत्र, प्रशासनिक क्षेत्र में प्रतिनिधित्व में कमी आई है। डॉ.आरके राजवंशी ने कहा कि हमें राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में भी अधिक से अधिक हमारे बच्चों को आगे लाना होगा।

पूर्व प्रदेश युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र किरवाडा ने नवनियुक्त टीम को बधाई दी। प्रदेश युवा अध्यक्ष रोहित जैन ने अपने उद्बोधन में कहा हम सब मिलकर एक टीम की तरह काम करेंगे। हमे समर्पित भाव से संघठन के नाम को आगे बढ़ाना है। रामबिलास जैन ने युवाओं को आगे आने का आव्हान किया। नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश जैन ने स्वागत भाषण दिया। जिला महिला महामंत्री रीना मित्तल ने गीत की प्रस्तुति दी। महिला अध्यक्ष गायत्री मित्तल महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। युवा महामंत्री गौरव गर्ग ने आभार जताया और संचालन शिखा गुप्ता ने किया।

# पालीवाल ब्राह्मण हितकारी समिति के रक्तदान शिविर में 68 यूनिट रक्तदान

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती पालीवाल ब्राह्मण हितकारी समिति (पालीवाल ब्राह्मण समाज कोटा) द्वारा समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सत्यनारायण पालीवाल की स्मृति में बंसत विहार स्थित कोटा ब्लड बैंक में रक्त दान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें कुल 68 यूनिट रक्त दान हुआ। समाज अध्यक्ष नरेश पालीवाल ने बताया कि शिविर में सभी समाजबंधुओं एवं मित्रों ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया। आरजेएस मयंक पालीवाल एवं लोकेंद्र पालीवाल पुलिस उपाधीक्षक ने रक्तदान कर समाजबंधुओं व सभी से रक्तदान के लिए जागरूकता लाने का आव्हान किया। सचिव दिनेश पालीवाल ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर प्रभारी गौरव पालीवाल कमलकांत पालीवाल का वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद पालीवाल के निर्देशन में योगदान रहा।

# लोकसभा अध्यक्ष ने 'संसद विजिट-यादें' पुस्तिका का विमोचन किया

**कोटा,** (निसं)। ओम बिरला के दूसरी बार लोकसभा स्पीकर निर्वाचित घोषित होने पर सेवारत एवं सेवानिवृत्त अधिकारी के 7 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली में 27 जून को नवीन संसद भवन स्थित उनके कार्यालय तथा अक़बर रोड़ पर स्थित आवास में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया था। जिसकी यादें संजोने के लिए रविवार को लोकसभा स्पीकर के कोटा दौरा होने पर "संसद विजिट-यादें" पुस्तक का विमोचन किया गया।

आयोजन समिति के देवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में दिनेश जैन, परमानन्द गोयल, आर.के. जैन, बी.के. शर्मा, टी.सी. जैन एवं लक्ष्मण सिंह थे। रिटायर्ड ऑफ़िसर्स एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि सत्रहवीं लोक सभा के स्पीकर के पद पर आसीन रहने के दौरान कोटा से राजस्थान लेखा सेवा एवं राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा (सेवारत एवं सेवानिवृत) के 41 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा 18 जून, 2023 को बिरला के सम्मान समारोह एवं संसद विज़िट का कार्यक्रम था उसकी जुड़ी हुई यादों को संजोने के लिए "संसद विजिट-यादें" के नाम से पुस्तिका तैयार की गई थी। यह संस्करण उसी का पार्ट-2 है। इसमें लोकसभा स्पीकर के 'जीवन परिचय, परिवार, राजनीतिक जीवनकाल, करवाये गये जनोपयोगी कार्य, विशेष योजनाएं, उपलब्धियों के साथ-साथ दिल्ली में आयोजित अभिनंदन समारोह व प्रतिनिधिमंडल की संसद विज़िट से जुड़ी हुई यादों को संजोया गया है। रिटायर्ड ऑफ़िसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष ने बताया कि पुस्तक का लेखन, संकलन एवं संपादन पूर्व रेवन्यू एडवाइजर यूआईटी कोटा, परमानन्द गोयल द्वारा किया गया है।



कोटा में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पुस्तक का विमोचन किया।

इस अवसर पर रिटायर्ड ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश जैन, महामंत्री आर के जैन, मुख्य सलाहकार परमानन्द गोयल, उपाध्यक्ष बी.के. शर्मा, कार्यक्रम मंत्री लक्ष्मण सिंह, राजस्थान अकाउंटेंटस एसोसिएशन कोटा के जिलाध्यक्ष दीपक बाथरा, मन्त्रालिक कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रामजीलाल मीना, राज्य कर्मचारी महासंघ लोकतांत्रिक के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राम रतन सामरिया सहित विभिन्न संगठनों के कई पदाधिकारियों द्वारा श्री बिरला का सम्मान किया गया। पुस्तिका का प्रकाशन नव उद्यमी प्रतीक गोयल के सौजन्य से हुआ जिसके लिए सभी सदस्यों द्वारा गोयल को धन्यवाद दिया गया।

# श्रमण श्रुतसंवेगी श्री 108 आदित्य सागर जी मुनिराज संघ का कोटा में चार्तुमास प्रारंभ

**कोटा,** (निसं)। चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन समाज समिति की द्वारा श्रमण श्रुतसंवेगी आदित्य सागर मुनिराज संघ का भव्य चार्तुमास मंगल प्रवेश बूंदी रोड़ स्थित चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर रिद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाडी में हुआ। मंदिर अध्यक्ष राजू गोधा व महामंत्री पारस जैन ने बताया कि केशवराय पाटन तिराहे मार्ग त्रिकुटा से श्रमण श्रुतसंवेगी आदित्य सागर मुनिराज, अप्रमित सागर और मुनि सहज सागर महाराज संघ का मंगल प्रवेश भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ।

शोभायात्रा में सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता, राजमल पाटोदी, कार्याध्यक्ष जे के जैन व प्रकाश बज, विनोद जैन टोरड़ी, मनोज जैन आदिनाथ, नरेश जैन वेद, मनोज जैन आदिनाथ अशोक पहाड़िया, पारस जैन सहित कई लोग उपस्थित रहे। प्रतिदिन आध्यात्मिक विशुद्ध ज्ञान पावन वर्षा योग के तहत धर्मसभा होगी। मुख्य पाद प्रच्छालन का सौभाग्य जम्बू कुमार, पारस कुमार बज परिवार व शास्त्र भेंट करने का गौरव निर्मल व नीरज कुमार अजमेरा परिवार को मिला। राजू गोधा, टीकमचंद पाटनी, ताराचंद बडला, पंकज खरोड़, पारस कासलीवाल, संजय लुहाड़िया, पारस बज, पारस लुहाडिया, अशोक सांवला, संजय सांवला ने कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार रहे।

पाद प्रच्छालन में उमड़ा सकल समाज-चातुर्मास आयोजन समिति के अध्यक्ष टीकम चंद पाटनी व पंकज खरोड़ ने बताया कि पावन वर्षायोग में रविवार को गुरुदेव संघ का मंगल प्रवेश केशोरायपाटन तिराहे मार्ग से प्रारंभ हुआ। 108 स्वागत द्वारा, रंगोली,घोड़े व जैन ध्वज पताका लिए हुए नन्हे बालक अगुवानी कर रहे थे। उन्हे पीछे 51 कारें व 51 मोटर साईकिल धर्म संदेश देती हुई चल रही। समिति के संजय लुहाड़िया व पारस बज ने बताया कि ट्रैक्टर व ट्रॉली पर जीवंत झांकी से महावीर के संदेश,पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती चल रही थी। अशोक व संजय सांवला ने बताया कि गुरुदेव के चरणों को धाने व चरणामृत पीने के लिए समाज के लोगों में होड़ लगी थी। मार्ग में जगह-जगह पाद प्रच्छालन किया और गुरुदेव के चरण वंदना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

टीकम चंद पाटनी ने बताया कि श्रमण श्रुतसंवेगी आदित्य सागर मुनिराज, अप्रमित सागर और मुनि सहज सागर के मंगल आगमन पर भव्य शोभायात्रा में आधा दर्जन दिव्य घोष महिला बैंड अपनी सुर लहरियां बिखरते जा रहे थे। उनके पीछे महिला व पुरूष गुरूदेव का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे और गुरूदेव की चरणो की धूल सिर लागते नजर आ रहे थे। मार्ग में वात्सल्य ग्रुप द्वारा शुद्ध आहार की झांकी सजाई गई। चक्की से आटा, हाथों के मसाले व कुए से पानी निकालने का प्रदर्शन किया। पदम प्रभु बालिता मंडल द्वारा भी विशेष झांकी सजाई गई। सखी सुलोचना ग्रुप द्वारा पंच परमेष्ठी की झांकी सजाई गई।

श्रमण श्रुतसंवेगी आदित्य सागर मुनिराज संघ ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब मनुष्य का पुण्य उदय होते होते है तो वह चातुमार्स में आते है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पुण्य कर्मों के कारण ही प्राप्त होता है। उन्होंने चातुमार्स की व्याखया करते हुए कहा कि चरित्र, तप, मैत्री व समता को जागृत करने का समय चातुर्मास है। इस समय हमें अपने अंदर जिनवाणी को उतारना है। उन्होंने कहा कि यह चातुर्मास अभूतपूर्व, आध्यात्मिक व एतिहासिक होगा। समस्त कोटा के लोग जुड़कर इसमें लाभ सकते है।

**आम सूचना (नाम परिवर्तन)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड, जन आधार कार्ड में मेरा नाम GANESH LAL GUPTA (गणेश लाल गुप्ता) दर्ज है। नगर विकास न्यास कोटा से जारी परिशिष्ट-3 (पट्टा) में मेरा नाम GANESH KUMAR GUPTA (गणेश कुमार गुप्ता) दर्ज है एवं कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा से जारी आवंटन पत्र में मेरा नाम GANESH KUMAR (गणेश कुमार) दर्ज है। मैने अपना नाम GANESH KUMAR GUPTA (गणेश कुमार गुप्ता), GANESH KUMAR (गणेश कुमार) एवं GANESH GUPTA (गणेश गुप्ता) से बदलकर GANESH LAL GUPTA (गणेश लाल गुप्ता) रख लिया है। मै. भविष्य में GANESH LAL GUPTA (गणेश लाल गुप्ता) के नाम से जाना पहचाना जाऊंगा। जिसका मेरे द्वारा गजट नोटिफिकेशन में इन्द्राज करवा दिया गया है।

हस्ताक्षर
GANESH LAL GUPTA
(गणेश लाल गुप्ता)

कोटा/दिनांक-07.07.2024

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-768 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 05.07.2024

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा सुभाष नगर आवासीय योजना भूखण्ड संख्या 1100 का आवंटन/हस्तांतरण पत्र 1831 दिनांक 05.07.2011 को श्री मनजीत अरोड़ा पुत्र श्री देवराज अरोड़ा को किया गया था। आवंटी श्री मनजीत अरोड़ा पुत्र श्री देवराज अरोड़ा को द्वारा उक्त भूखण्ड का मुख्तारआम श्री अमृत लाल पुत्र श्री मांगी लाल को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम श्री अमृत लाल पुत्र श्री मांगी लाल द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 1100 को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 13.06.2014 को श्री बिरधी चन्द रेगर पुत्र श्री कजोड़ी लाल रेगर के द्वारा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 1100 सुभाष नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री बिरधी चन्द रेगर पुत्र श्री कजोड़ी लाल रेगर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा